प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.11.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **आदिवासी नेत्री निशा भगत की मौत मामले में तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज, आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के आधार पर मामले की जांच शुरू।**
2. **प्रधानमंत्री ने प्रकाश पर्व दीपावली की दी बधाई कहा–दीपोत्सव अंधकार के विरुद्ध दृढ़ संकल्प का है प्रतीक, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमत्री हेमंत सोरेन ने भी दी शुभकामनाएं**
3. **कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक हजार से अधिक ब्रांड की दवाओं की संशोधित कीमतें कल से होंगी लागू, कैंसर का इलाज कराने वाले रोगियों को मिलेगी बड़ी आर्थिक राहत।**
4. **भाकपा माओवादी का 13 लाख इनामी नक्सली संजय यादव उर्फ संजय गोदराम मुंबई से गिरफ्तार, झारखंड बिहार में दर्ज हैं 60 से अधिक मामले।**
5. **झारखंड राज्य एरोबिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप संपन्न, रांची ने ओवरऑल चैंपियनशिप का जीता खिताब, जिम्नास्ट पृथ्वी देव ने जीते तीन गोल्ड मेडल।**

****

रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र में आदिवासी नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत की आत्महत्या के मामले में थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में मृतका के पिता आनंदु भगत के लिखित बयान पर दो नामजद और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

****

आदिवासी नेत्री निशा भगत की आत्महत्या मामले में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी नेत्री ने जाते–जाते समाज की आंखें खोल दी है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार को इसकी निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने निशा भगत की आत्महत्या के लिए सरकारी तंत्र को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि झामुमोनीत सरकार में कोई भी खुश नहीं है।

****

दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह त्योहार अंधकार को दूर करने के संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाने छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दीपावली पर झारखंड वासियों को शुभकामनाएं दी है। उत्तर प्रदेश के बरेली में दिवाली मनाने अपने घर पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि यह त्योहार हम भारतीयों के लिए संकल्प लेने वाला है।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दीपावली और काली पूजा की शुभकामनाएं दी है।

****

धनबाद के हीरापुर चिल्ड्रेन पार्क में इस वर्ष श्री श्यामा पूजा समिति की 47वीं काली पूजा **सेव बर्ड थीम** पर होगी, जहां मां काली की प्रतिमा धान की कोठिला में स्थापित की जाएगी। पंडाल में मिट्टी के मटके और पक्षियों के लिए विशेष पिंजरे बनाए जा रहे हैं, और करीब 200 विदेशी पक्षियों के प्रदर्शन के जरिए मोबाइल टावर के रेडिएशन से पक्षियों को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

****

रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने वार्ड संख्या 39 स्थित स्वर्णरेखा शांति मुक्ति धाम में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और अंतिम संस्कार के नाम पर मनमानी वसूली रोकने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने मनमानी वसूली की शिकायतों पर समिति गठित कर पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने और सभी मुक्ति धामों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए।

****

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 1000 से ज्यादा ब्रांड की दवाइयों की संशोधित कीमतें कल 9 नवंबर 2026 से लागू हो जायेंगी। सरकार ने कहा है कि कैंसर की 137 दवाओं की घटी कीमतें सोमवार से लागू हो जाएंगी। इससे कैंसर का इलाज कराने वाले रोगियों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। पेश है एक रिपोर्ट।

****

झारखंड में अवैध खनन, खनिजों के भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए सरकार ने नियमों में बदलाव किया है। अब बिना अनुमति के मिट्टी की खुदाई पर ईंट भट्ठा संचालकों से निर्धारित स्वामित्व राशि का 10 गुना जुर्माना वसूला जाएगा। वहीं, सरकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाले बालू, पत्थर और मिट्टी की खरीद के लिए वैध चालान अनिवार्य कर दिया गया है।

****

कांग्रेस की पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने रांची स्थित उनके सरकारी आवास को सील करने की कार्रवाई को असंवेदनशील बताया है। अम्बा प्रसाद ने आरोप लगाया कि त्योहार के समय प्रशासन की टीम ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सामान को तहस–नहस किया, जो अनैतिक है।

****

झारखंड और बिहार पुलिस के लिए चुनौती बना प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का 13 लाख इनामी नक्सली संजय यादव उर्फ संजय गोदराम को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। वह पलामू का रहने वाला है और मुंबई में एक खटाल में काम कर रहा था। पुलिस मुख्यालय ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। संजय यादव पर 60 से अधिक मामले दर्ज हैं। उसे जल्द झारखंड लाया जायेगा।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 30 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 1 लाख 95 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य एरोबिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप कल संपन्न हो गया। रांची ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। धनबाद के निरसा के जिम्नास्ट पृथ्वी देव भट्टाचार्य ने युवा वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा वर्ग में रांची के अथर्व गुप्ता व्यक्तिगत बालक स्पर्द्धा में दूसरे और धनबाद के प्रत्युष तीसरे स्थान पर रहे।

****